## तीन चरणों में जांची गई 87,477 कॉपियां

# 12वीं की पहुंची 30 हजार से अधिक उत्तरपुस्तिकाएं चतुर्थ चरण का मूल्यांकन आज से होगा शुरू

### बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन में आई तेजी, अप्रैल प्रथम सप्ताह में जारी हो सकता है परिणाम

**जागरण, रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 10वीं, 12वीं की मुख्य परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन जारी है। मूल्यांकन का प्रथम व द्वितीय व तृतीय चरण समाप्त हो चुका है, मंगलवार को कॉपियों के देरी से आने से चतुर्थ चरण नहीं शुरू हो सका। बुधवार से चतुर्थ चरण का मूल्यांकन शुरु होगा। 12वीं के करीब 6 विषयों की करीब 30 हजार से अधिक कॉपियां आई हैं। बता दें कि मूल्यांकन 22 फरवरी से शुरू किया गया है, जिसके बाद अब तक तीन चरण पूरे हो चुके हैं। चतुर्थ चरण आज से शुरू होगा। माना जा रहा है कि मूल्यांकन कार्य अप्रैल के प्रथम सप्ताह में समाप्त कर परिणाम भी जारी किया जा सकता है।

#### 60812 कॉपियां अब भी शेष

बता दें कि जिले में दो चरणों का मूल्यांकन हो चुका है, जिसमें अब तक कुल 87477 कॉपियां जांची जा चुकी हैं, वहीं इन चरणों की अब भी 60812 कॉपियां मूल्यांकन के लिए शेष हैं। बता दें कि तीन चरण में 10वीं की 58558 कॉपियां मूल्यांकन के लिए रीवा पहुंची हैं। जिसमें अब तक 35254 कॉपियों की जांच हो चुकी है। वहीं 12वीं कक्षा में 23 विषयों की 89731 कॉपियां रीवा पहुंची हैं, जिसमें 52223 कॉपियों की जांच हो चुकी है।

#### 30960 कॉपियां जांची

बता दें कि चतुर्थ चरण के मूल्यांकन के लिए मंगलवार को 12वीं कक्षा के 6 विषयों की 309609 कॉपियों की जांच हुई है। आज से मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। इधर शिक्षा विभाग समय में मूल्यांकन पूरा करने के लिए ताकत झोंके हुए है। अब तक मूल्यांकन के लिए कुल 148289 कॉपियां आ चुकी हैं, 60812 कॉपियां जांच के लिए शेष हैं।

## एआईसीटीई ने दी मंजूरी: टीआरएस कॉलेज से अब छात्र कर सकेंगे एमबीए

### बीबीए और बीसीए पूर्व से हैं संचालित, अब छात्र स्नातकोत्तर भी कर सकेंगे

**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा को उच्च शिक्षा में बड़ी सफलता हासिल हुई है। अब टीआरएस कॉलेज से छात्र एमबीए की डिग्री भी हासिल कर सकेंगे। उक्त संबंध में एआईसीटीई ने मंजूरी दे दी है। अब प्रबंधन इसी सत्र से इस पाठ्यक्रम को संचालित करने के प्रयास में है। बता दें कि टीआरएस में बीबीए व बीसीए तो छात्र कर लेते थे लेकिन स्नातकोत्तर में एमबीए के लिए उन्हें प्राइवेट कॉलेज या विवि या बाहरी कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ता था लेकिन अब छात्र यहीं से पढ़ाई कर सकेंगे। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद




(एआईटीसीई) ने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)पाठ्यक्रम संचालित करने की मंजूरी प्राप्त हो गई है। एआईसीटीई की स्वीकृति मिलने के बाद आगामी शैक्षणिक सत्र से एमबीए कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इससे रीवा एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

#### छात्रों को मिलेगा लाभ

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस कोर्स की शुरुआत से क्षेत्र में कौशल विकास, रोजगार सृजन एवं प्रबंधन शिक्षा को नई गति मिलेगी। साथ ही, स्थानीय उद्योगों को भी प्रशिक्षित प्रबंधन विशेषज्ञ उपलब्ध हो सकेंगे। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे रीवा जिले के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। महाविद्यालय में पूर्व से बीबीए तथा बीसीए का पाठ्यक्रम एआईसीटीई से मान्यता पर संचालित हो रहा है।

#### लंबे समय से चल रहा था प्रयास

बताया गया कि टीआरएस कॉलेज में इस पाठ्यक्रम को शुरू करने प्रयास किए जा रहे थे और अब इसमें सफलता भी मिल गई है। प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सभी के सहयोग से संस्थान निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता एवं नवाचार की ओर अग्रसर है। उन्होंने यह भी बताया कि एमबीए पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली, अनुभवी प्राध्यापकों का मार्गदर्शन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे रोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सफल हो सकें।

## संभागीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

### 16 कंपनियां करेंगी युवाओं का चयन

**जागरण,रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 18 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक–युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग–अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं , स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग–अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

**यह कंपनियां आएंगी :** उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में फ्लैश ईवी प्लांट सावरदारी चाकन, फ्लैश इलेक्ट्रानिक्स एचपी चौक चाकन, टेनेको फेडरल म्हालुंगे चाकन, सीएनएच न्यू हॉलैंड प्लांट चाकन, महिंद्रा एण्ड महिन्द्रा लि. पीथमपुर, टेनेको क्लीन एयर इंडिया लि. पीथमपुर, धूत ट्रांसमिशन लि. पीथमपुर, मद्रास रबर फैक्ट्री दहेज गुजरात, मदरसन ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग सानंद गुजरात, एंडयोरेंस सानंद गुजरात, मदरसन ग्रुप नोएडा, कमिंस इंडिया प्रा.लि. पुणे, जिंदल साउथ वेस्ट संभाजी नगर, चैतन्या इंडिया फिन केडिट प्रा.लि. रीवा, सीआईआई–एमसीसी गुजरात तथा मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## 9वीं और 11वीं कक्षा के द्वितीय परीक्षा का टाइम टेबिल जारी

**जागरण,रीवा।** 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं हाल ही में संपन्न हो चुकी हैं। वहीं कापियों का मूल्यांकन कार्य भी जारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 9वीं और 11वीं की द्वितीय परीक्षा का टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। उक्त संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार आगामी 3 जून से 9वीं व 11वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होंगी। बताया गया कि 9वीं की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत 3 जून को अंग्रेजी के पेपर के साथ होगी जो कि 12 जून तक चलेगी। अंतिम पेपर 12 जून को एनएसक्यूएफ विषय का होगा। वहीं 11वीं कक्षा की परीक्षा भी 3 जून से ही भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हसबैंडरी, मिल्क ट्रेंड पॉल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास विषय के साथ शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन 13 जून तक होगा। अंतिम पेपर जीव विज्ञान विषय का होगा। बता दें कि मुख्य परीक्षा बीते माह समाप्त हुई थी, वहीं अब मंडल द्वारा द्वितीय परीक्षा के लिए टाइम टेबिल जारी कर दिया गया है। इन्हें स्कूलों के नोटिस बोर्ड में चस्पा करने के लिए किया गया है।

**3 से 13 जून तक सुबह 9 से 12 बजे तक होगी आयोजित**

## प्लास्टिक का उपयोग न करने का लिया प्रण




**रीवा।** महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा इटौरा ग्राम पंचायत में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरपंच भास्कर दत्त साहू, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अर्चना द्वारा संचालित किया गया। छात्र एवं महाविद्यालय स्टाफ के साथ क्षेत्र भ्रमण एवं रैली निकाली गई एवं एनएसएस छात्र-छात्राओं के द्वारा पोस्ट मेकिंग कंपटीशन हुआ। स्वच्छता अभियान एवं पॉलीथिन उन्मूलन के विषय में चर्चा की गई एवं छात्रों ने जागरुकता रैली निकाली। रैली में महाविद्यालय महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं ऋषि मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी सतेंद्र सिंह, अनिशा शर्मा, नवीन तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के इस कार्य की सराहना करते हुए सभी को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को प्लास्टिक का उपयोग न करने का प्रण लिया गया, साथ ही उससे होने वाले हानिकारक परिणाम की जानकारी दी गई । और अखिल तिवारी द्वारा एनएसएस के विषय में छात्रों को विशेष जानकारी दी गई एवं पर्यावरण प्रदूषण पॉलिथीन से होने वाली हानियों के बारे में अवगत कराया।



# रेडक्रॉस की पहुंच दूरस्थ क्षेत्र तक होने से निर्धन और असहाय को समय पर मिलेगी चिकित्सा सहायता : मऊगंज कलेक्टर

## अगले माह आयोजित होंगे वृहद रक्तदान शिविर



**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर मऊगंज एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने रेडक्रॉस की आगामी गतिविधियों, वित्तीय स्थिति और जनसेवा से जुड़े कार्यों समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता की सेवा का पर्याय है। हमारा उद्देश्य केवल संस्था चलाना नहीं, बल्कि संकट के समय प्रत्येक जरूरतमंद के साथ खड़ा होना है। सभी सदस्य और अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जिले की रेडक्रॉस इकाई प्रदेश में एक मॉडल के रूप में उभरे। रेडक्रॉस के माध्यम से संचालित होने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की लाभ जरूरतमंदों को मिले। जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेडक्रॉस की पहुँच सुनिश्चित करें जिससे निर्धन और असहाय व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सके। आगामी माह में जिले में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठन के लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

### वार्षिक बजट किया गया प्रस्तुत

बैठक में सोसायटी के वार्षिक बजट और आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने कहा कि दानदाताओं द्वारा दी गई राशि का शत-प्रतिशत उपयोग जनहित कार्यों करें। रेडक्रॉस को प्राप्त आय और इसमें होने वाले व्यय में पारदर्शिता रहे। सोसायटी के कोष का ऑडिट समय पर कराने और दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। सोसायटी की सदस्यता बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। आगामी आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा करते हुए नेरेडक्रॉस के वालंटियर्स की एक सूची तैयार करें जिससे प्राथमिक चिकित्सा और राहत कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। बैठक में सचिव रेडक्रॉस ने विगत वर्ष की उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में बीएमओ डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, जिला रेडक्रॉस के चेयरमैन एडवोकेट प्रदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, वाइस चेयरमैन राजेंद्र पयासी, सचिव प्रकाश चौरसिया, प्रदेश प्रतिनिधि एवं जिला कार्यकारी सचिव सूर्यमणि शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह एवं नईगढ़ी तथा हनुमना उप शाखा के चेयरमैन तथा जिला कार्य समिति सदस्य मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं आमजनों की समस्याएं, दिए तत्काल निराकरण के निर्देश



**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजनों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में दीनबंधु तेली तथा सूर्यभान जायसवाल निवासी ग्राम अल्हवा खुर्द ने खसरा सुधार, प्रभा तिवारी निवासी ग्राम पिडिया ने शासकीय भूमि से सरई के पेड़ काटने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने, संतोष कुशवाहा निवासी ग्राम अतरैला ने पटवारी द्वारा बंटवारा के बाद जमीन का नक्शा तरमीम न किए जाने, अविनाश पटेल निवासी देवरा ने सहारा के नाम पर आरोपियों द्वारा हड़पी गई राशि वापस दिलाने तथा हरिप्रसाद पटेल निवासी दामोदरगढ़ ने जमीन का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं से संबंधित इन आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में शिवकली कुशवाहा निवासी ग्राम दबुगवां 488 ने गांव के कुछ लोगों द्वारा उनके खेत की मेड़ पर लगाए गए खुले विद्युत तार को हटाने के लिए आवेदन दिया।

कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को आवेदन पत्र में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। कोरिगवां निवासी सूगिया जोगी तथा महावीरपुर निवासी सुकबरीय कुशवाहा ने खरीदी गई धान की राशि के भुगतान के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदन पत्रों में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में चाक रोड मऊगंज में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान का स्थान परिवर्तित करने, अतिक्रमण हटाने, संबल योजना में नियम विरूद्ध भुगतान किए जाने सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आमजनों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र इन आवेदन पत्रों के निराकरण के निर्देश दिए।

# सुन्दर ग्राम उत्थान समिति ने दिया प्रस्फुटन एवं नवांकुर समितियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण



**मऊगंज ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में सुन्दर ग्राम उत्थान समिति द्वारा पांच प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर समितियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण 16 मार्च को दिया गया। मुख्य वक्ता राज पति वर्माजी उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीण विकास कैसे शासन के बीच मिलकर कार्य कराये जाते एवं लोगों को किस तरह संगठनात्मक सहयोग के द्वारा काम होता है के विषय में जानकरी दी। परामर्श दाता राज रमण पटेल द्वारा ग्राम विकास अवधारणा पर परिचय, कार्य, उद्देश्य एवं हितग्राहियों को कैसे चिन्हित की जाय आदि जानकारी दी गई। सीमा मिश्रा द्वारा गॉव का सर्वे सामाजिक रूप से कैसे करें, जल संरक्षण, पर्यावरण सुधार रखरखाव शिक्षा से जोड़ने के लियें नशामुक्त होने के विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। नवांकुर संस्था द्वारा प्रस्फुटन समितियो एवं नवांकुर सखियों को दस्तावेजीकरण, गॉव का सर्वे आवेदन लेखन, गॉव की समास्याओं को चिन्हित करना, पात्र हितग्राहियों को लाभ किस तरह ऑफिसों में सम्पर्क किया जाय आदि से जागरूक किया गया। अंत में प्रसस्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष / सचिव भीर, कोट, अकौरी, मोहरिया सदस्य एवं नवांकुर सखी उपस्थिति रहीं।

# मऊगंज थाना प्रभारी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी मऊगंज को सौंपा शिकायत पत्र

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज को शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें उनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग कर बेइज्जत करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संवाददाता को बताया कि लगातार मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारती के खिलाफ जनप्रतिनिधियों का गुस्सा बढ़ रहा है। जो आने वाले समय में एक विकट समस्या पुलिस प्रशासन के लिए बन सकता है।

# भव्य कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**मऊगंज ब्यूरो।** ठाकुर सोमेश्वर सिंह शासकीय महाविद्यालय नईगढ़ी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन के साथ विगत दिनों संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम मुख्य अतिथि और प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय शाह्दि केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के प्राचार्य डॉक्टर सोम दत्त पांडेय विशिष्ट अतिथि एवं अखिलेश सिंह विधायक प्रतिनिधि देवतालाब के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने अपने कर कमल से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को वार्षिक पुरस्कार दिया गया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ श्री गणेश



**गुढ़ ( नि. प्र )।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ द्वारा श्री भागवत पैलेस में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे विधायक नागेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं वर्ग गीत के साथ हुई।

### मन की बात और बूथ प्रबंधन की हुई चर्चा

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस कुल छह सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र के वक्ता विधायक नागेंद्र सिंह रहे, जबकि द्वितीय सत्र में पूर्व महापौर ममता गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, रावेंद्र मिश्रा एवं योगेंद्र शुक्ला ने संबोधित किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता भाजपा मंडल गुढ़ द्वारा तथा द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. अयोध्या प्रसाद तिवारी, मनमोहन तिवारी, डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, काशीनाथ पटेल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने की। वक्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी का इतिहास, केंद्र सरकार की योजनाएं, वैचारिक अधिष्ठान, 'मन की बात' तथा बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में कुल 74 पदाधिकारियों की अपेक्षा थी, जिसमें से 61 पदाधिकारियों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण के पश्चात सुंदरकांड का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में स्वल्पाहार, भोजन एवं प्रवास की समुचित व्यवस्था की गई थी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, कपूरचंद्र सोनी, मंडल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, रावेंद्र मिश्रा, कपिल पयासी, आलेश पयासी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, काशीनाथ पटेल, बी.के. पाण्डेय, विमला रावत, जगदीश गौटिया, शुक्रमणि तिवारी, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, रघुनाथ पटेल, उमेश कुमार गुप्ता, रक्षा रानी पटेल, शीला विश्वकर्मा, उषा सिंह लोनिया, संतोषी महेंद्र जायसवाल, हीरालाल नामदेव, राजबहोर कुशवाहा, विजय विश्वकर्मा, मत्तू यादव, संजय जायसवाल, डॉ. भृगुनाथ पाण्डेय, शैलेन्द्र बंसल, राममणि गुप्ता, इंद्रेश मिश्रा, रोहित द्विवेदी, विजय पटेल, शिवमूरत कुशवाहा, तेजलाल शर्मा, रामजी त्रिपाठी, सच्चिदानंद शर्मा, हरिवंश दुबे, आनंद यादव, कल्पनाथ पटेल, बृजभान पटेल, धीरू शुक्ला, वीरबहादुर सिंह, दिलीप पाण्डेय, जगन्नाथ पटेल, समय लाल पटेल, राजकुमार सोनी, अनुरुद्ध सोनी, लालजी पटेल, दशरथ कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अस्वच्छता का गढ़ बना ग्राम पंचायत सोहागी



**सोहागी, नि.प्र.।** केन्द्र सरकार और राज्य सरकार स्वच्छता अभियान में सरकार कई लाखो करोंड़ों खर्च कर रही है। वहीं दूसरी ओर स्वच्छ भारत अभियान के बीच कई पंचायतों में स्वच्छता को लेकर गंभीरता नहीं दिख रही है। साफ-सफाई नहीं किए जाने को लेकर नागरिकों में नाराजगी है। विकास खंड त्योंथर के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में कचरे का ढेर लगा है। इस संबंध में करुणा शंकर चतुर्वेदी ने संवाददाता को बताया कि सरकार यदि अस्वच्छता अभियान के तहत सर्वे कराकर सबसे अस्वच्छ पंचायत का चयन करें तो उसमें ग्राम पंचायत सोहागी को निश्चित ही सबसे अस्वच्छ पंचायत के प्रथम पुरस्कार हेतु चयनित किया जायेगा।

### घरेलू कचरे से पटी नालियां

ग्राम पंचायत सोहागी के वार्ड नं.2 में सोहागी चौराहे में थाना के सामने से लेकर शास.कन्या प्राथ. शाला के सामने तक बनी नाली पूरी तरह से कचरें से पट जाने की वजह पानी की निकासी न होने से नाली में गंद्दा पानी भरा रहने से उठने वाली गंध से आस-पास के रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार वार्ड क्र.3 में पानी की निकासी हेतु नाली बनाई गई थी किंतु कुछ लोगों के द्वारा अपने घरों से निकलने वाले अपशिष्टों को खुली पड़ी नाली में फेंकने के साथ ही घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी भी नाली में ही करते हैं। किंतु पंचायत द्वारा नाली की नियमित सफाई न कराये जाने की वजह से गंदा पानी व कूड़ा - करकट नाली में ही जमा हो गया है। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा अपने घरों से निकलने वाले कूड़ा कर्कट को खुली पड़ी नाली अथवा अन्य खाली पड़ी जगहों के साथ शासकीय विद्यालय परिसर के अंदर भी कूड़ा करकट को फेंकने को विवश हो रहे। शास. विद्यालय के अंदर व आस पास भारी मात्रा में कूड़ा करकट फैला हुआ है जिससे उठने वाली बदबू से आस पास के लोग परेशान होते है।

### सड़कों पर एकत्रित हो रहा गंदा पानी

इसी प्रकार वार्ड क्र.5 व 7 में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से वहां पर स्थित हैंडपंप व स्थानीय लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर इकट्ठा हो जाने से उक्त रास्ते से आने जाने वालो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा सरपंच व सचिव से कई बार लिखित व मौखिक रूप से चर्चा भी की गई। सचिव द्वारा नाली की सफाई व पानी निकासी हेतु सोख्ता गड्ढे का निर्माण कराये जाने के प्रस्ताव को आमसभा की बैठक में सचिव द्वारा पंजीबद्ध तो कर लिया गया किंतु नाली की सफाई कराकर उससे निकलने वाले मलवे को हटाने की कार्यवाही पंचायत द्वारा नहीं की गई। सोख्ते गड्ढे का ही निर्माण कार्य न करायें जाने से लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर भरा रहता है जिससे राहगीरों को आने जाने में परेशानी होती है। नाली से निकलने वाली गंदगी को न हटाने एवं सोख्ता गड्ढे का निर्माण न करायें जाने से ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के माध्यम से कलेक्टर रीवा से ग्राम पंचायत सोहागी में शीघ्र नाली की सफाई, कूड़ेदान व सोख्ता गड्ढे का निर्माण कराये जाने हेतु सीईओ जनपद पंचायत त्योंथर व सचिव ग्राम पंचायत सोहागी को निर्देशित करने की मांग की है।

# उपेक्षा का शिकार है सेमरिया उप डाकघर

## सुविधाओं के अभाव का दंश झेल रहे क्षेत्रवासी




**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया नगर स्थित डाकघर की व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह बदहाल नजर आ रही ह। यहां आने वाले लोगों ने संवाददाता को बताया कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में हमें रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर में न तो बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध है, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

### बिजली जाते ही ठप हो जाते हैं सम्पूर्ण कार्य

उपभोक्ताओं ने आगे बताया कि सेमरिया डाकघर में बिजली जाते ही पूरा कामकाज ठप हो जाता है। कंप्यूटर आधारित सेवाएं बंद हो जाने के कारण लोगों के खाते से जुड़े कार्य, डाक से संबंधित सेवाएं और अन्य जरूरी काम बीच में ही रुक जाते हैं। कई बार लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं लेकिन बिजली गुल होते ही उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग डाक सेवाओं, बचत खातों, पेंशन,आधार कार्ड और अन्य कार्यों के लिए पहुंचते हैं लेकिन यहां सुविधाओं की कमी के कारण आम जनता को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। खासकर बुजुर्ग और महिलाएं घंटों खड़े रहने को मजबूर हैं जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

### उदासीनता बरत रहे संबंधित अधिकारी

लोगों का यह भी कहना है कि कई बार इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अगर जल्द ही डाकघर में बैठने की व्यवस्था,पीने के पानी की सुविधा और बिजली बैकअप जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो आम जनता की परेशानियां इसी तरह बनी रहेंगी। स्थानीय नागरिकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि सेमरिया डाकघर की व्यवस्थाओं को सुधारते हुए आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएं ताकि लोगों को रोजाना होने वाली इस परेशानी से राहत मिल सके।

# दिनोद्धर धाम अतरैला पहाड़ में सामूहिक मंदिर निर्माण का लिया संकल्प



## 270वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**जवा ब्यूरो।** नरसिंह हनुमान सेवा समिति द्वारा दिनोद्धर धाम अतरैला स्थित पहाड़ी पर विराजमान प्राचीन भगवान शंकर जी के मंदिर, सीढ़ी एवं पुलिया निर्माण हेतु 270वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ कर मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि यह स्थान अत्यंत प्राचीन है, जहाँ प्राचीन शिवलिंग तो स्थापित है, परंतु आज तक वहाँ तक पहुँचने का कोई स्थायी मार्ग या पूजा स्थल नहीं बन पाया है। समिति ने निर्णय लिया है कि शीघ्र ही मंदिर निर्माण सीढ़ी एवं पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुजन सहजता से दर्शन कर सकें। समिति ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों से तन मन धन से सहयोग की अपील की है। उक्त अवसर पर समिति के संस्थापक नरसिंह सेवक सुरेंद्रदास तिवारी किशोरी लाल मिश्रा योग शिक्षक संतोष तिवारी, राम नारायण मिश्रा, रजनीश गौतम, बब्बू शुक्ला सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। समूह के सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि दिनोधर धाम हमारी आस्था का केंद्र है और मंदिर निर्माण कार्य समाज की सेवा और भक्ति दोनों का प्रतीक बनेगा।

# रॉयल राजपूत संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदीप सिंह सोलंकी को किया शामिल



**सेमरिया, नि.प्र.।** रॉयल राजपूत संगठन क्षत्रिय समाज का अखिल भारतीय संगठन जिसे गति प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह बघेल की अनुसंशा पर मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव प्रदीप सिंह सोलंकी को राष्ट्रीय कार्यकारणी का सदस्य नियुक्त किया है। प्रदीप सिंह सोलंकी ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह बघेल, महासचिव सतेंद्र सिंह परिहार, सचिव सुनील सिंह बघेल, जनसंपर्क प्रभारी केशर सिंह राठौड़ का आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि संगठन ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है, उसका निष्ठा एंव ईमानदारी से निर्वहन करते हुये प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करूंगा। प्रदीप सिंह सोलंकी को राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बनाये जाने पर अर्जुन सिंह, विनोद सिंह सूर्यमणि सिंह, अनिल सिंह,अंकित सिंह, दिग्विजय सिंह, स्वप्निल सिंह, रघुराज सिंह, सानू सिंह, ललित सिंह, राज सिंह, आशीष सिंह, मनीष सिंह आदि लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुये बधाई दी।

# शिव पार्वती विवाह कथा का श्रद्धालुओं ने किया रसपान



**चाकघाट, नि.प्र. ।** स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर में विगत दिवस 14 मार्च से चल रही संगीत में श्री राम कथा के तृतीय दिवस पर अखंड भारत धर्म जागरण यात्रा के वाहक एवं कथा वक्ता आचार्य अरविंद शुक्ला ने अध्यात्म पर व्याख्यान देते हुए धर्म के स्वरूप, मानव जीवन का परम लक्ष्य, जीवन की सार्थकता एवं सुख - दुख के कारण व आध्यात्म के जरिए उसके निवारण पर विस्तृत जानकारी देते हुए श्री राम कथा के प्रसंग में भगवान आशुतोष एवं माता पार्वती जी के मंगल विवाह की कथा सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर किया। आचार्य का कथन है, कि प्रत्येक सनातनी को धर्म से जुड़ना चाहिए और धर्मशास्त्र के अनुरूप बताए गए समस्त कृत्य को करना चाहिए, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की मानव जीवन में कोई भी बाधा न आ सके, शेष बचे हुए दिनों की कथा एवं आध्यात्म परिचर्चा में आप अब भी शामिल होकर प्रभु सेवा में अपना कुछ बहुमूल्य क्षण का दान करें, जिससे आप सब का भी प्रभु इच्छा से आगम सदा सर्वदा के लिए सुख में हो सके।

# नवदिवसीय श्रीराम कथा का समापन आज, विशाल भंडारा कल

**चिल्ला, नि.प्र.।** त्योंथर नगर में चल रहे श्रीराम कथा में आज बुधवार को विश्राम दिवस की कथा व्यास देवी गृषा शुक्ला के द्वारा श्रोताओं को श्रवण कराई जाएगी। विगत 8 दिनों तक कथा पंडाल में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित अत्यंत सराहनीय रही, जिसमें माताओ बहनों की भारी संख्या कथा श्रवण के लिए देखी गई। आयोजन समिति ने आज के अंतिम दिन की कथा श्रवण करने एवं कल विशाल भव्य भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर वासियों, क्षेत्र वासियों से अपील की है। आयोजन समितिभैरवनाथ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि कल गुरवार 9: 00 बजे से इस अनुष्ठान का हवन का कार्यक्रम कथा पंडाल में रखा गया है एवं 4:00 बजे से भंडारे का महाप्रसाद का वितरण प्रारंभ हो जाएगा । प्रसाद ग्रहण करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल रावणा ग्राउंड शासकीय अस्पताल के सामने क्षेत्र वासियों से पहुंचने की अपील की गई है।

